<u>विधानसभा / महत्वपूर्ण</u>

# कार्यालय संचालक
## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email-dirfood.cg@nic.in, website-www.khadya.cg.nic.in)

क्रमांक 90 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 17 / 2 / 2026

प्रति,

**समस्त कलेक्टर**
छत्तीसगढ़

**विषय :–विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1431 अतारांकित द्वारा श्री दीपेश साहू, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

–––00–––

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1431 अतारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 19.02.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@nic.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 91 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 17 / 2 / 2026

**प्रतिलिपि :–**

समस्त खाद्य नियंत्रक / खाद्य अधिकारी, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय
**प्रश्न**

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **27/02/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **09/03/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **प्रदेश में वन नेशन वन राशन कार्ड योजना का क्रियान्वयन**

( **अतारांकित** प्रश्न क्रमांक : **1431** ) **श्रीदीपेश साहू**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) वन नेशन वन राशन कार्ड योजना को छत्तीसगढ़ राज्य में कब से लागू किया गया है तथा इस योजना के अंतर्गत अब तक कुल कितने लाभार्थियों (एनएफएसए कार्डधारकों) को पोर्टेबिलिटी के माध्यम से राशन लेने की सुविधा प्रदान की गई है? (ख) प्रवासी मजदूरों में से कितने लाभार्थियों ने दूसरे राज्यों में काम के दौरान इस वन नेशन वन राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी का उपयोग कर राशन प्राप्त किया है तथा इसके परिचालन से प्राप्त लाभों का संक्षिप्त विवरण क्या है? (ग) इस योजना के लागू होने के बाद भी कितने प्रवासी मजदूर या पात्र परिवार ऐसे हैं जो अभी भी इस पोर्टेबिलिटी सुविधा से वंचित हैं और उनके वंचित रहने के प्रमुख कारण क्या हैं? (घ) छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा योजना के बेहतर कार्यान्वयन, पोर्टेबिलिटी के प्रचार-प्रसार तथा प्रवासी मजदूरों की जागरूकता बढ़ाने के लिए कौन-कौन से विशेष उपाय या कार्यक्रम शुरू किए गए हैं?

**Sent From :** vidhan | **Sent Date :** 17/02/2026 02:08:50 |

**Remark :**

All collectors / directorate